Dr. Kumari Priyanka

History department

H.D Jain college, ara

Notes for pg 3,paper 12

Topic:–अमेरिकी गृह युद्ध के परिणाम

अमेरिकी गृहयुद्ध अमेरिका के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना थी। इस गृहयुद्ध के पश्चात् अमेरिका में एक नव युग का प्रादुर्भाव हुआ। इस गृहयुद्ध की विध्वंसकता में भी रचनात्मकता निहित थी। इस गृह युद्ध ने अमेरिका के राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्वरूप को काफी हद तक प्रभावित किया जिसका वर्णन है -

1. राजनीतिक परिणाम - इस गृह युद्ध ने दीर्घकाल से चले आ रहे प्रांतीय एवं संघीय विवाद को हल कर अमेरिका की राजनीतिक स्थिति को मजबूत किया। संविधान के 14वें व 15वें अनुच्छेद के अंतर्गत दासों को भी मताधिकार के साथ-साथ नागरिक अधिकार भी प्राप्त हुए। एच. सी. पार्किन्स के अनुसार, ''गृह युद्ध में उत्तर की विजय ने राष्ट्रीय एकता की शक्तियों को मजबूत बनाया और राज्यों के अधिकारों के सिद्धांत को अंतिम पराजय दी।''

2. औद्योगिक प्रगति - गृह युद्ध के पश्चात ही अमेरिका में औद्योगिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ। औद्योगिक प्रगति का प्रतिफल यह रहा कि, अमेरिका में नगर निर्माण, यातायात तथा रेल उद्योग का विकास हुआ। औद्योगिक प्रगति के परिणामस्वरूप ही अमेरिका कालांतर में पूंजीवाद की ओर अग्रसर हुआ। कृषि के क्षेत्र में भी नवीन कृषि तकनीकी के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि हुई।

3. सामाजिक परिणाम - गृह युद्ध का सर्वाधिक प्रमुख सामाजिक परिणाम यह हुआ, कि युद्ध के पश्चात् उत्तर एवं दक्षिण के लोगों के हृदय आपस में मिल गये। युद्धोपरांत , युद्ध काल में बने 5 लाख सैनिक, सामान्य जनता में ऐसे मिल गये, जैसे कि कुछ हुआ ही न हो। युद्धोपरांत मात्र 25 हजार सैनिकों को ही नियमित सेना में रखा गया। एक और सामाजिक परिणाम यह हुआ कि श्रमिकों की स्थिति सुधारने एवं उन्हें शिक्षित करने का भी प्रयास आरंभ हुआ। इससे अमेरिका में नवीन सामाजिक मूल्यों का विकास हुआ।